CAREERINDIA

# PAPER-II
# POPULATION STUDIES

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________________
(In words)

**J 1 5 1 4**

Time : **1 1/4** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हो या सीरियल में न हो अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

# POPULATION STUDIES
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** When was the first National Sample Survey carried out by the Registrar General of India, in India ?

(A) 1953 – 54 (B) 1950 – 51
(C) 1952 – 53 (D) 1951 – 52

**2.** The formula $P_t = P_0 e^{rt}$ indicates which of the following models ?

(A) Arithmetic Growth Model
(B) Exponential Growth Model
(C) Logistic Growth Model
(D) Geometric Growth Model

**3.** Which one of the following does not match correctly ?

(A) U5MR – Mortality
(B) ADR – Ageing
(C) SMAM – Fertility
(D) GRR – Reproduction

**4.** Match List – I with List – II according to Indices of Fertility formulae proposed by A.J. Coale :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Index of the proportion married women | i. $I_f = \frac{\Sigma f_1 W_1}{\Sigma F_1 W_1}$ |
| b. Index of fertility of Non-married women | ii. $I_g = \frac{\Sigma g_i m_i}{F_i m_i}$ |
| c. Index of marital fertility | iii. $I_h = \frac{\Sigma h_i U_1}{\Sigma F_1 U_1}$ |
| d. Index of overall fertility | iv. $I_m = \frac{\Sigma F_1 m_1}{\Sigma F_1 W_1}$ |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iv | ii | i | iii |
| (D) | ii | i | iv | ii |

www.careerin

**5.** Whose name is associated with correction of estimates of non-response from women who have no children and who have not stated parity ?

(A) El Badry
(B) Enke
(C) Bongaarts
(D) Notestein

**6.** Which among the following assumptions is not correct to estimate the fertility from 'Own' children data ?

(A) Children aged $x$ to $x + 1$ are underenumerated.
(B) Women aged a to a + 1 are underenumerated.
(C) The proportion of non-own children is constant.
(D) Age specific mortality rates remain changed.

**7.** What are the errors that make estimation of fertility through Reverse Survival ratio Method not possible ?

(i) Under enumeration of children
(ii) Age mis-reporting of children
(iii) The pattern of mortality selected to obtain survival ratio

**Codes :**

(A) (i)
(B) (ii)
(C) (i), (ii), (iii)
(D) (ii), (iii)

CAREERINDIA

# जनसंख्या अध्ययन
## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** भारत में, भारतीय महारजिस्ट्रार द्वारा प्रथम राष्ट्रीय सैंपल सर्वे कब किया गया था ?
(A) 1953 – 54
(B) 1950 – 51
(C) 1952 – 53
(D) 1951 – 52

**2.** $P_t = P_0e^{rt}$ सूत्र कौन सा मॉडल इंगित करता है ?
(A) गणितीय वृद्धि मॉडल
(B) घातीय वृद्धि मॉडल
(C) तर्कगणितीय वृद्धि मॉडल
(D) ज्यामितीय वृद्धि मॉडल

**3.** निम्नलिखित में से कौन सा सही मेलित नहीं है ?
(A) यू. 5 एम.आर. – मृत्युता
(B) ए.डी.आर. – बुढ़ापा आना/बुढ़ाना
(C) एस.एम.ए.एम. – प्रजनन
(D) जी.आर.आर. – जननशीलता

**4.** ए.जे. कोल द्वारा प्रस्तावित प्रजननता सूत्र सूचकांक के अनुसार सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| a. | विवाहित स्त्रियों के अनुपात का सूचकांक | i. | $I_f = \frac{\Sigma f_1 W_1}{\Sigma F_1 W_1}$ |
| b. | अविवाहित स्त्रियों की प्रजननता का सूचकांक | ii. | $I_g = \frac{\Sigma g_i m_i}{F_i m_i}$ |
| c. | वैवाहिक प्रजननता सूचकांक | iii. | $I_h = \frac{\Sigma h_i U_1}{\Sigma F_1 U_1}$ |
| d. | कुल प्रजननता सूचकांक | iv. | $I_m = \frac{\Sigma F_1 m_1}{\Sigma F_1 W_1}$ |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iv | ii | i | iii |
| (D) | ii | i | iv | ii |

**5.** उन महिलाओं जिनके बच्चे नहीं हैं, से गैर-प्रतिक्रिया के आकलनों तथा उन महिलाओं जिन्होंने पैरिटी नहीं बताई है, के बीच सहसम्बन्ध से किसका नाम जुड़ा है ?
(A) एल बदरी
(B) एनके
(C) बोंगार्ट्स
(D) नोटस्टीन

**6.** ‘अपने’ बच्चों पर डेटा से प्रजनन क्षमता का आकलन करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी मान्यता सही नहीं है ?
(A) $x$ से $x + 1$ आयु के बच्चों की अल्प परिगणना की गई है ।
(B) a से a + 1 आयु की स्त्रियों की अल्प परिगणना की है ।
(C) गैर-स्व बच्चों का अनुपात स्थिर है ।
(D) आयु विशिष्ट मृत्यु दरें परिवर्तित रहती हैं ।

**7.** विपर्यय (या प्रतिवर्ती) उत्तरजीविता अनुपात पद्धति के माध्यम से प्रजनन क्षमता के आकलन को कौन सी त्रुटियाँ असम्भव बनाती हैं ?
(i) बच्चों की अल्प परिगणना
(ii) बच्चों की उम्र की अयथार्थ रिपोर्टिंग
(iii) उत्तरजीविता अनुपात प्राप्त करने के लिए चयनित मृत्यु पैटर्न

**कोड :**
(A) (i)
(B) (ii)
(C) (i), (ii), (iii)
(D) (ii), (iii)

www.careerindia

**8.** Which of the following states recorded the highest percentage of elderly population, as per the 2011 Census ?

(A) Tamil Nadu
(B) Karnataka
(C) Uttar Pradesh
(D) Kerala

**9.** If less number of persons remain single in cohort A than cohort B, it indicates that

(A) Cohort A experienced higher marriage rates
(B) Cohort B experienced higher marriage rates
(C) Cohort A and B experienced same marriage rates
(D) None of the above

**10.** Name the state with highest population density as per the 2011 Census.

(A) Maharashtra
(B) Uttar Pradesh
(C) Bihar
(D) West Bengal

**11.** According to the 2011 Census of India, which amongst the following States/Union Territories sex ratio (female per 1000 males) has been recorded lowest

(A) Haryana
(B) NCT of Delhi
(C) Chandigarh
(D) Daman & Diu

**12.** What is the relationship between 'Net Reproduction Rate' (NRR) and 'Gross Reproduction Rate' (GRR) ?

(A) GRR is multiplexed by survival rates of female
(B) GRR is divided by the survival rates of females
(C) NRR is divided by the survival rate of females
(D) None of the above

**13.** Which of the following is 'Pearl Pregnancy Index' ?

(A) $\frac{\text{Number of pregnancies}}{\text{Number of eligible couples}} \times 1000$

(B) $\frac{\text{Number of pregnances}}{\text{Number of married women out of non-susceptable period}} \times 1000$

(C) $\frac{\text{Number of accidental pregnancies}}{\text{Number of contraceptive months of exposure}} \times 1200$

(D) $\frac{\text{Number of accidental pregnancies}}{\text{Number of contraceptive months of exposure}} \times 1000$

**14.** Prevalence of a disease is defined as

(A) New cases of disease in the reference period per 100 population exposed to disease.
(B) Old cases of disease in the reference period per 100 population exposed to disease.
(C) New and old cases in the reference period per 100 population exposed to disease.
(D) None of the above

**8.** 2011 की जनगणना के अनुसार किस राज्य ने वृद्ध जनसंख्या का उच्चतम प्रतिशत दर्ज किया ?

(A) तमिलनाडु

(B) कर्नाटक

(C) उत्तर प्रदेश

(D) केरल

**9.** कोहोर्ट बी की तुलना में यदि कोहोर्ट ए में कम संख्या के व्यक्ति एकल रहते हैं, तो यह इंगित करता है कि

(A) कोहोर्ट ए में विवाह की उच्च दरें हैं ।

(B) कोहोर्ट बी में विवाह की उच्च दरें हैं ।

(C) कोहोर्ट ए और बी में विवाह की दरें एक समान हैं ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** 2011 की जनगणना के अनुसार, किस राज्य में जनसंख्या घनत्व अधिकतम है ?

(A) महाराष्ट्र

(B) उत्तर प्रदेश

(C) बिहार

(D) पश्चिम बंगाल

**11.** भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित राज्य / संघराज्य क्षेत्रों में से किसमें लिंग अनुपात (प्रति हजार पुरुषों पर महिलाएँ) निम्नतम पाया गया ?

(A) हरियाणा

(B) दिल्ली का राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

(C) चंडीगढ़

(D) दमण एवं दीव

**12.** निवल प्रजननशीलता दर (एन.आर.आर.) और सकल प्रजननशीलता दर (जी.आर.आर.) के बीच क्या सम्बन्ध है ?

(A) जी.आर.आर. महिला की उत्तरजीविता दर के साथ गुणा किया जाता है ।

(B) महिलाओं की उत्तरजीविता दरों के द्वारा जी.आर.आर. विभाजित

(C) महिलाओं की उत्तरजीविता की दरों के द्वारा एन.आर.आर. विभाजित

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** निम्न में से 'पर्ल गर्भ सूचकांक' कौन सा है ?

(A) $\dfrac{\text{गर्भ की संख्या}}{\text{योग्य दम्पत्तियों की संख्या}} \times 1000$

(B) $\dfrac{\text{गर्भ की संख्या}}{\text{न गर्भधारण कर सकने वाली अवधि से विवाहित स्त्रियों की संख्या}} \times 1000$

(C) $\dfrac{\text{आकस्मिक गर्भधारण की संख्या}}{\text{गर्भनिरोधक प्रभाव के महीनों की संख्या}} \times 1200$

(D) $\dfrac{\text{आकस्मिक गर्भधारण की संख्या}}{\text{गर्भनिरोधक प्रभाव के महीनों की संख्या}} \times 1000$

**14.** रोग की व्यापकता की निम्नलिखित रूप में व्याख्या की जाती है :

(A) रोग से प्रभावित होने वाली प्रति 100 जनसंख्या पर संदर्भ अवधि में रोग के नवीन मामले

(B) रोग से प्रभावित होने वाली प्रति 100 जनसंख्या पर संदर्भ काल में रोग के पुराने मामले

(C) रोग से प्रभावित होने वाली प्रति 100 जनसंख्या पर संदर्भ काल में नवीन एवं पुराने मामले

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

CAREERINDIA

**15.** Among the following, which years, NFHS-I, NFHS-II and NFHS-III were conducted ?

(A) 1998–99, 2002–03 and 2005–06

(B) 1993–94, 2004–05 and 2008–09

(C) 1992–93, 1998–99 and 2005–06

(D) 1995–96, 2000–01 and 2005–06

**16.** According to the National Family Health Survey (NFHS)-III, highest prevalence of anaemia in children 6-59 months is found in which State given below ?

(A) Uttar Pradesh

(B) Chhatisgarh

(C) Bihar

(D) Haryana

**17.** According to the National Family Health Survey (NFHS)-III report which among the following states is having lowest knowledge of AIDS in both men and women ?

(A) Himachal Pradesh

(B) Jharkhand

(C) Arunachal Pradesh

(D) Karnataka

**18.** Death rates are standardised ________

(A) to adjust for under registration of deaths

(B) to eliminate differential influence of one or more variables

(C) to provide correct situation of actual or experienced rates

(D) to determine future rates

**19.** If the life table, death rate of a stationary population is 10, then the life table birth rate for the same population is ________.

(A) < 10

(B) > 10

(C) 10

(D) None of the above

**20.** Rank the reasons for migration of migrants by last residence with duration of a 0 – 9 years, as per the 2001 Census

(A) marriage, moved with household, work/employment

(B) moved with household, marriage, work/employment

(C) marriage, work/employment, moved with household

(D) work/employment, marriage, moved with household

**21.** In the 2011 Census, which of the following information on migration was not collected ?

(A) Duration of stay at last residence

(B) Birth place

(C) Place of last residence

(D) Reason for migration

**22.** Information on rural-urban status of place of birth was introduced in which Census ?

(A) 1981

(B) 1971

(C) 2011

(D) 1991

**23.** As per Census of India 2011 enumeration, the total number of towns in India approximate to

(A) Five thousand

(B) Six thousand

(C) Seven thousand

(D) Eight thousand

CAREERINDIA

**15.** एन.एफ.एच.एस. – I, एन.एफ.एच.एस. – II और एन.एफ.एच.एस. – III निम्नलिखित में से किन वर्षों में किए गए थे ?

(A) 1998–99, 2002–03 और 2005–06

(B) 1993–94, 2004–05 और 2008–09

(C) 1992–93, 1998–99 और 2005–06

(D) 1995–96, 2000–01 और 2005–06

**16.** नेशनल फैमली हैल्थ सर्वे (एन.एफ.एच.एस.) – III के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में 6-59 महीनों के बच्चों में एनीमिया (या रक्तअल्पता) की व्याप्तता अधिकतम है ?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) छत्तीसगढ़

(C) बिहार

(D) हरियाणा

**17.** नेशनल फैमली हैल्थ सर्वे (एन.एफ.एच.एस.) – III की रिपोर्ट के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में पुरुषों तथा महिलाओं दोनों में एड्स का ज्ञान न्यूनतम है ?

(A) हिमाचल प्रदेश

(B) झारखंड

(C) अरुणाचल प्रदेश

(D) कर्नाटक

**18.** मृत्यु दरों को निम्नलिखित के लिए मानकीकृत किया जाता है :

(A) मृत्यु के अवपंजीकरण का समायोजन करने के लिए

(B) एक या ज्यादा चरों के विभेदीय प्रभाव को समाप्त करने के लिए

(C) वास्तविक या अनुभव की गई दरों की सही स्थिति प्रदान करने हेतु

(D) भावी दरों को निर्धारित करने के लिए

**19.** यदि जीवन तालिका में, अचल जनसंख्या की मृत्य दर 10 है, तो उसी जनसंख्या के लिये जीवन तालिका जन्म दर निम्नलिखित होती है :

(A) $< 10$

(B) $> 10$

(C) 10

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** 2001 की जनगणना के अनुसार, 9 वर्षों की अवधि के साथ पिछले निवास द्वारा प्रवासियों के प्रवसन के कारणों का श्रेणीकरण करें :

(A) विवाह, परिवार सहित जाना, कार्य/रोजगार

(B) परिवार सहित जाना, विवाह, कार्य/रोजगार

(C) विवाह, कार्य/रोजगार, परिवार सहित जाना

(D) कार्य/रोजगार, विवाह, परिवार सहित जाना

**21.** जनगणना 2011 में, प्रवसन पर निम्नलिखित सूचना एकत्रित नहीं की गई थी :

(A) पिछले निवासस्थान में आवास की अवधि

(B) जन्म स्थान

(C) पिछले निवास का स्थान

(D) प्रवसन का कारण

**22.** जन्म स्थान के ग्रामीण-नगरीय दर्जे की जानकारी किस जनगणना में सम्मिलित की गई थी ?

(A) 1981

(B) 1971

(C) 2011

(D) 1991

**23.** भारत की जनगणना-2011 के अनुसार, भारत में शहरों की कुल संख्या लगभग निम्नलिखित है :

(A) पाँच हजार

(B) छ: हजार

(C) सात हजार

(D) आठ हजार

CAREERINDIA

**24.** The region around a central place having strong to and from functional interactions with it is known as

(A) Market Region

(B) Radiating Region

(C) Complementary Region

(D) Satellite Region

**25.** Which of the following Alphabets in Central Place theory connotes the largest region ?

(A) G

(B) L

(C) M

(D) P

**26.** Match List – I with List – II :

| **List – I (India Zones)** | | **List – II Urban Decadal Growth Rate (in percent) 2009-2011** |
|---|---|---|
| a. Northern Zone | i. | 31.6 |
| b. North-Eastern Zone | ii. | 37.6 |
| c. Western Zone | iii. | 28.3 |
| d. Southern zone | iv. | 39.0 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | iii | ii | i | iv |

www.careerindia.com

**27.** According to Easterlin, what are basic determinants of fertility ?

(i) Regulation costs

(ii) Demand for children

(iii) Supply of children

**Codes :**

(A) (i)

(B) (i), (ii)

(C) (ii), (iii)

(D) (i), (ii), (iii)

**28.** According to the special bulletin on maternal mortality in India (2007-09) of SRS, which state did not achieve the MDG Target for maternal mortality ?

(A) Kerala

(B) Tamil Nadu

(C) Karnataka

(D) Maharashtra

**29.** What is 'Demographic Dividend' ?

(A) Increase in 0 – 5 age group population.

(B) Increase in 6 – 15 age group population.

(C) Increase in 15 – 64 age group population.

(D) Increase in 65 + year population

**30.** Who discussed the close relationship between Demography and Economics ?

(A) Ackerman

(B) J.J. Spengler

(C) Otis Duncan

(D) Dodge

**24.** केन्द्रीय स्थान के आसपास का क्षेत्र जिसका उसके साथ शक्तिशाली आगे-पीछे कार्यात्मक अंत:क्रियाएँ चलती हैं, किस नाम से जाना जाता है ?

(A) बाजार क्षेत्र

(B) प्रसारक या विकिरणकारी क्षेत्र

(C) पूरक क्षेत्र

(D) अनुषंगी (सेटेलाइट) क्षेत्र

**25.** केन्द्रीय स्थान सिद्धांत में निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर सबसे बड़े क्षेत्र का संकेत देता है ?

(A) G

(B) L

(C) M

(D) P

**26.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I (भारत-अंचल)** | **सूची – II (नगरीय दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत में) 2009-2011)** |
|---|---|
| a. उत्तरी अंचल | i. 31.6 |
| b. उत्तर-पूर्वी अंचल | ii. 37.6 |
| c. पश्चिमी अंचल | iii. 28.3 |
| d. दक्षिणी अंचल | iv. 39.0 |

**कोड** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | iii | ii | i | iv |

**27.** इस्टरलिन के अनुसार, प्रजनन क्षमता के मूलभूत निर्धारक क्या हैं ?

(i) विनियमन लागतें

(ii) बच्चों के लिए माँग

(iii) बच्चों की आपूर्ति

**कोड** :

(A) (i)

(B) (i), (ii)

(C) (ii), (iii)

(D) (i), (ii), (iii)

**28.** भारत में मातृ मृत्यु दर पर एस.आर.एस. के विशेष बुलेटन (2007–09) के अनुसार, किस राज्य ने मातृ मृत्यु दर के सम्बन्ध में एम.डी.जी. लक्ष्य प्राप्त नहीं किया है ?

(A) केरल

(B) तमिलनाडु

(C) कर्नाटक

(D) महाराष्ट्र

**29.** 'जनांकिकीय लाभांश' क्या है ?

(A) 0 – 5 वर्ष के आयु समूह की जनसंख्या में वृद्धि

(B) 6 – 15 वर्ष के आयु समूह की जनसंख्या में वृद्धि

(C) 15 – 64 वर्ष के आयु समूह की जनसंख्या में वृद्धि

(D) 65 + वर्ष के आयु समूह की जनसंख्या में वृद्धि

**30.** जनांकिकी और अर्थशास्त्र के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध की चर्चा किसने की है ?

(A) एकरमैन

(B) जे.जे. स्पेंगलर

(C) ओटिस डंकन

(D) डॉज़

**31.** Which of the MDGs are directly related to gender equity issues ?
(A) 3 and 4
(B) 1, 3 and 4
(C) 1 and 4
(D) 2, 3 and 4

**32.** **Assertion (A) :** Decision-making power of women, in general, is low in developing countries.
**Reason (R) :** Investment in education and health of children is high in developing countries.
**Codes :**
(A) (A) is true, (R) is true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) is true, (R) is true and (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**33.** Which one among the following type of estimate is not correct ?
(A) Ongoing Census Estimate
(B) Inter Census estimates
(C) Post-Census Estimates
(D) Future Estimates

**34.** **Assertion (A) :** Badly performing programmes are simply unaffordable in developing countries.
**Reason (R) :** Resource constraints are adequate in developing countries.
**Codes :**
(A) (A) is true (R) is true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) is true (R) is true and (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true and (R) is false.
(D) (A) is false and (R) is true.

**35.** Rank the following States/Union Territories in descending order (high to low) in terms of child sex ratio in the age group (0 – 6) according to data available in Census of India – 2011.
(a) Mizoram
(b) Andaman & Nicobar Islands
(c) Puducherry
(d) Chandigarh
**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (c) | (b) | (d) |
| (B) | (b) | (a) | (d) | (c) |
| (C) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (D) | (c) | (d) | (b) | (a) |

**36.** The Indian Association for the Study of Population (IASP) was established in which among the following years ?
(A) 1962
(B) 1972
(C) 1982
(D) 1992

**37.** Information pertaining to which among the following is not provided by the population Census in India ?
(A) Trends in population growth
(B) Changes in the age-sex structure
(C) Family planning practice of the married couples
(D) Pattern of migration and urbanization

CAREERINDIA

**31.** निम्नलिखित में से कौन से एम.डी.जी. जेंडर समता मुद्दों के साथ सीधे जुड़े हैं ?

(A) 3 और 4
(B) 1, 3 और 4
(C) 1 और 4
(D) 2, 3 और 4

**32.** **अभिकथन (A)** : विकासशील देशों में सामान्यतया स्त्रियों में निर्णय लेने की शक्ति निम्न होती है ।

**कारण (R)** : विकासशील देशों में बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश अधिक होता है ।

**कोड** :

(A) (A) सत्य है, (R) सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) सत्य है, (R) सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**33.** निम्नलिखित में से कौन से प्रकार का आकलन सही नहीं है ?

(A) अविरत जनगणना अनुमान
(B) अंत: जनगणना अनुमान
(C) जनगणना उत्तरोत्तर अनुमान
(D) भावी अनुमान

**34.** **अभिकथन (A)** : बुरी तरह से निष्पन्न किए जाने वाले कार्यक्रमों की विकासशील देशों में बिलकुल गुंजाइश नहीं है ।

**कारण (R)** : विकासशील देशों में संसाधन सम्बन्धी रुकावटें प्रचुर होती हैं ।

**कोड** :

(A) (A) सत्य है, (R) सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) सत्य है, (R) सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**35.** (0 – 6) आयु समूह में बाल लिंग अनुपात पर भारतीय जनगणना 2011 में उपलब्ध आँकड़े के अनुसार निम्नलिखित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अवरोही क्रम में रखें :

(a) मिज़ोरम
(b) अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
(c) पुडुचेरी
(d) चंडीगढ़

**कोड** :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (c) | (b) | (d) |
| (B) | (b) | (a) | (d) | (c) |
| (C) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (D) | (c) | (d) | (b) | (a) |

**36.** इंडियन एसोसिएशन फॉर दी स्टडी ऑफ पोपुलेशन (आई.ए.एस.पी.) (भारतीय जनसंख्या अध्ययन संघ) निम्नलिखित में से किस वर्ष में स्थापित किया गया था ?

(A) 1962
(B) 1972
(C) 1982
(D) 1992

**37.** भारत में जनसंख्या संगणना द्वारा निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित सूचना उपलब्ध नहीं कराई जाती है ?

(A) जनसंख्या वृद्धि में प्रवृत्तियाँ
(B) जनसंख्या की आयु-लिंग संरचना में बदलाव
(C) विवाहित दम्पत्तियों द्वारा परिवार नियोजन प्रयोग परिपाटी
(D) प्रवसन तथा शहरीकरण का पैटर्न

CAREERINDIA

**38.** India's population growth during the twentieth century can be classified into four distinct phases given below. Match List – I (referring duration of the years) with List – II (describing the distinct phases).

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | 1901–1921 | i. | Steady growth |
| b. | 1921–1951 | ii. | Rapid growth |
| c. | 1951–1981 | iii. | Stagnant growth |
| d. | 1981–2001 | iv. | High growth with sure signs of slowing down of the growth rate |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**39.** The sex ratio at the national level has risen by how many points since the last Census in 2001 ?

(A) 5 points (B) 7 points

(C) 9 points (D) 11 points

**40.** Deficiency of iodine may not cause one of the following disorders :

(A) Goiter

(B) Mental retardation

(C) Subnormal intelligence

(D) Blindness

**41.** Which is the full form of IPPF ?

(A) International Planned Parenthood Federation

(B) Indian Planned Parenthood Federation

(C) International People's Productivity Federation

(D) International People's Perspective Federation

**42.** What is the full form of JSK ?

(A) Jansankhya Sthirta Kosh

(B) Jan Swasthya Kosh

(C) Janani Suraksha Kendra

(D) None of the above

**43.** What is the most widely used contraceptive in India ?

(A) Sterilization

(B) Injectibles

(C) IUCD

(D) Oral pills

**44.** Which of the following states recorded the highest level of full immunisation among children, as per the District level Household Survey (DLHS) 3 ?

(A) Kerala

(B) Tamil Nadu

(C) Karnataka

(D) Maharashtra

Read the following passage and answer the questions (**45 – 50**) given below :

Literacy is a basic tool of self-defence in a society where social interaction often involves the written media. An illiterate person is less equipped to defend himself/herself and to participate successfully in the modern economy and society. Basic Education is a catalyst of social change as it equips with skills acquired to compete in society. There appears to be a dialectic relationship between educational progress and social change. This is reflected in the removal of inequalities based on class, caste, gender or region. A common finding is that education is largely perceived by members of socially and economically disadvantaged groups as the most promising chance of upward mobility for their children and equality in society.

CAREERINDIA

**38.** बीसवीं शताब्दी के दौरान भारत की जनसंख्या वृद्धि को नीचे दिए चार अलग-अलग चरणों में वर्गीकृत किया जा सकता है । सूची । I (वर्ष अवधि) को सूची – II (चरण) के साथ सुमेलित करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | 1901–1921 | i. | एक समान या स्थायी वृद्धि |
| b. | 1921–1951 | ii. | तीव्र वृद्धि |
| c. | 1951–1981 | iii. | स्थिर या गतिहीन वृद्धि |
| d. | 1981–2001 | iv. | वृद्धि दर धीमा होने के चिह्न के साथ उच्च वृद्धि |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**39.** राष्ट्रीय स्तर पर लिंग अनुपात में 2001 की जनगणना से लेकर अब तक कितने बिन्दु वृद्धि हुई है ?

(A) 5 बिन्दु
(B) 7 बिन्दु
(C) 9 बिन्दु
(D) 11 बिन्दु

**40.** आयोडीन की कमी से निम्नलिखित में से एक विकृति नहीं उत्पन्न होती है :

(A) गलगण्ड
(B) मानसिक मंदता
(C) अवसाधारण बुद्धि
(D) अन्धापन

**41.** आई.पी.पी.एफ. का पूर्ण रूप क्या है ?

(A) इंटरनेशनल प्लैन्ड पेरेंटहुड फेडरेशन
(B) इंडियन प्लैन्ड पेरेंटहुड फेडरेशन
(C) इंटरनेशनल पीपल्स प्रोडक्टीविटी फेडरेशन
(D) इंटरनेशनल पीपल्स पर्सपेक्टिव फेडरेशन

**42.** जे.एस.के. का पूर्ण रूप क्या है ?

(A) जनसंख्या स्थिरता कोश
(B) जन स्वास्थ्य कोश
(C) जननी सुरक्षा केन्द्र
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** भारत में सर्वाधिक व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाला गर्भनिरोधक क्या है ?

(A) बन्ध्यकरण
(B) इंजेक्शन से दी जाने वाली दवा
(C) आई.यू.सी.डी.
(D) गोलियाँ

**44.** जिला स्तरीय परिवार सर्वेक्षण (डी.एल.एच.एस.) 3 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में बच्चों में पूर्ण प्रतिरक्षण (इम्युनाइज़ेशन) का स्तर उच्चतम है ?

(A) केरल
(B) तमिलनाडु
(C) कर्नाटक
(D) महाराष्ट्र

नीचे दिया गया परिच्छेद पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों **(45–50)** का उत्तर दीजिए :

साक्षरता समाज में, जहाँ सामाजिक प्रतिक्रिया प्राय: लिखित मीडिया से जुड़ी है, स्व-रक्षा का यह मूलभूत उपकरण है । निरक्षर व्यक्ति, आधुनिक अर्थव्यवस्था और समाज में सफलतापूर्वक भागीदारी करने तथा अपनी रक्षा करने के लिए कम सुसज्ज होता है । मूलभूत/मौलिक शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का उत्प्रेरक होती है, क्योंकि यह समाज में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक कौशलों से सुसज्ज करती है । शैक्षिक प्रगति तथा सामाजिक परिवर्तन के बीच एक तरह का द्वंद्वात्मक सम्बन्ध प्रतीत होता है । यह वर्ग, जाति, जेंडर या क्षेत्र पर आधारित असमानताओं को हटाने में प्रकट होता है । सर्वनिष्ट तथ्य सामने यह आता है कि सामाजिक रूप से और आर्थिक रूप से अलाभकारी (या सुविधाविहीन) समूहों द्वारा शिक्षा को, अपने बच्चों के लिए ऊर्ध्वाकार गतिशीलता और समाज में समानता के सर्वाधिक सुनहरे मौके के रूप में देखा जाता है ।

Higher Education leads to the expansion of scientific, technical and philosophic brain-power. There then emerges a knowledge-society that builds immense capacity of innovations and successful scientific experiments to unearth the mysteries of nature and develop human capabilities to explore and enslave them and attain 'super-power'. In terms of social response, higher education creates social awareness and responsibility, as observed in reduced family size, late marriages, reduced dependency and social welfare programmes for children, aged and the physically challenged. One of the major achievement of higher education is the slowing down of population growth.

Technical Education, specially among women opens a window of opportunity, combining high qualification with low dependency ratio, higher age at marriage, low fertility rates and greater women empowerment.

One underlying current through all stages of education is the moral education. From kindergarten to Research, training in moral and ethical values is essential to make education ethically viable, socially useful and intellectually innovative. It is our experience that the more we learn and learn with a degree of moral and ethical code of conduct, the more we generate quality citizens and compromise quantity of human numbers with quality of life of our citizens. Rightly said then, 'Education and development are the Best contraceptives'.

**45.** Which one of the following is not correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Literacy | – | Self defence |
| (B) | Basic Education | – | Social change |
| (C) | Higher Education | – | Economic stability |
| (D) | Technical Education | – | Window of opportunity |

**46.** Which among the following is the perceived benefit by people from low socio-economic Status ?

(A) Upward mobility

(B) Downward mobility

(C) Low dependency

(D) Empowerment

**47.** Technical Education among women leads to

(i) Higher age at marriage

(ii) Low fertility

(iii) Better family care

(iv) Low dependency

**Codes :**

(A) (i) (ii) (iii)

(B) (ii) (iii) (iv)

(C) (iii) (iv) (i)

(D) (i) (ii) (iv)

**48.** Educational Progress leads to

(A) Equality

(B) Equity

(C) Honesty

(D) Liberty

**49.** Moral Education promotes :

(A) Scientific experiments

(B) Social debates

(C) Quality of life

(D) None of the above

**50.** Tone of the passage is

(A) Analytical

(B) Descriptive

(C) Prescriptive

(D) Narrative

www.careerindia.com

CAREERINDIA

उच्च शिक्षा वैज्ञानिक, तकनीकी और दार्शनिक दिमागी शक्ति के विस्तार की ओर अग्रसर करती है । तब फिर ज्ञानयुक्त समाज का जन्म होता है जो प्रकृति के रहस्यों को खोज निकालने और मानवीय क्षमताओं को विकसित करने के लिए नवप्रवर्तनों तथा सफल वैज्ञानिक प्रयोगों की भारी क्षमता निर्मित करता है जिससे कि उनकी खोज की जा सके और उसको अपने वश में किया जा सके और सुपर पावर प्राप्त की जा सके । सामाजिक प्रतिक्रिया के सम्बन्ध में, उच्च शिक्षा सामाजिक जागरुकता तथा उत्तरदायित्व को जन्म देती है, जैसा कि परिवार के छोटे आकार, देर से विवाह, कम पराश्रितता और बच्चों, वृद्धों तथा शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों में देखा जा सकता है । उच्च शिक्षा की एक बड़ी उपलब्धि जनसंख्या वृद्धि का धीमा होना है ।

तकनीकी शिक्षा ने, विशेष रूप से महिलाओं के बीच, उच्च योग्यता को निम्न पराश्रितता अनुपात, विवाह के समय बड़ी उम्र, निम्न प्रजनन दरें और वृहद्तर महिला सशक्तिकरण के साथ जोड़ते हुए अवसर का द्वार खोला है ।

शिक्षा के सभी स्तरों में एक अंतर्निहित धारा नैतिक शिक्षा की है । किंडरगार्टन से लेकर शोध तक, नैतिक तथा आचार-शास्त्र के मूल्यों में प्रशिक्षण अनिवार्य है ताकि शिक्षा को नैतिक रूप से व्यवहार्यक्षम, सामाजिक रूप से उपयोगी और बौद्धिक रूप से नवाचारी बनाया जा सके । यह हमारा अनुभव है कि जितना ज्यादा हम सीखते हैं और आचार के नैतिक तथा नीतिपरक संहिता की डिग्री या कोटि के साथ सीखते हैं, उतना ही ज्यादा हम गुणी नागरिकों का सर्जन करते हैं और मानवों की संख्याओं की मात्रा का हमारे नागरिकों की जीवन गुणवत्ता के साथ समझौता करते हैं । तो यह ठीक ही कहा गया है, "शिक्षा और विकास श्रेष्ठ गर्भनिरोधक हैं ।"

**45.** निम्नलिखित में से कौन सा सही मेलित नहीं है ?

(A) साक्षरता – स्व-रक्षा

(B) मूलभूत शिक्षा – सामाजिक परिवर्तन

(C) उच्च शिक्षा – आर्थिक स्थिरता

(D) तकनीकी शिक्षा – अवसर का द्वार

**46.** निम्न सामाजिक-आर्थिक स्तर से लोगों के द्वारा अनुभूत लाभ निम्नलिखित में से कौन है ?

(A) ऊर्ध्वाकार गतिशीलता

(B) अधोगामी गतिशीलता

(C) निम्न पराश्रितता

(D) सशक्तिकरण

**47.** महिलाओं के बीच तकनीकी शिक्षा निम्नलिखित की ओर अग्रसर करती है :

(i) विवाह की बड़ी उम्र

(ii) निम्न प्रजननशीलता

(iii) बेहतर पारिवारिक देखभाल

(iv) निम्न पराश्रितता

**कोड :**

(A) (i) (ii) (iii)

(B) (ii) (iii) (iv)

(C) (iii) (iv) (i)

(D) (i) (ii) (iv)

**48.** शैक्षिक प्रगति निम्नलिखित की ओर अग्रसर करती है :

(A) समानता

(B) समता

(C) ईमानदारी

(D) स्वाधीनता

**49.** नैतिक शिक्षा निम्नलिखित को बढ़ावा देती है :

(A) वैज्ञानिक प्रयोग

(B) सामाजिक वाद-विवाद

(C) जीवन की गुणवत्ता

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** परिच्छेद का भाव है

(A) विश्लेषणात्मक

(B) विवरणात्मक

(C) निर्देशात्मक

(D) वृत्तान्तपरक

**Space For Rough Work**

www.careerindia.com